## जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में दिनांक 28.01.2026 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, फिरोजाबाद की बैठक का कार्यवृत्त।

पत्रांक – 236 / JJM- / 27 दिनांक 7-2-2026

भारत सरकार/राज्य सरकार की अति महत्वकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद में निर्माणाधीन सतही स्रोत आधारित पाइप पेयजल योजना के पैकेज--01, पैकेज--02, 106 राजस्व ग्रामों में पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों तथा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद के छूटे हुए मजरे/राजस्व ग्रामों की डी०पी०आर० संबंधी सूचना प्रेषित किये जाने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक दिनांक 28.01.2026 को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी(सदस्य)।
3. प्रतिनिधि, जिला मुख्य चिकित्साधिकारी(सदस्य)।
4. प्रतिनिधि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (सदस्य)।
5. प्रतिनिधि, अधिशासी अभियन्ता, सिचांई (सदस्य)।
6. अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर (सदस्य)।
7. जिला कृषि अधिकारी, (सदस्य)।
8. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी (सदस्य)।
9. इं0 देवेन्द्र कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
10. इं0 सुनील कुमार, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. इं0 निखिल कुलश्रेष्ठ, सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
12. इं0 शिवम राजपूत, सहायक अभियन्ता(SWSM), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
13. जिला परियोजना प्रबन्धक, टी0पी0आई0, फिरोजाबाद।
14. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
15. श्री पदमानुज, डी0जी0एम0, मै0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, फिरोजाबाद।
16. श्री सुशील कुमार, डी0पी0एम0, मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
17. श्री अखिलेश सिंह, पी0एम0 मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0।

**दारा इंजीनियरिंग –**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पूर्व निर्मित 86 नग पाइप पेयजल योजनाओं से संतृप्त 106 नग राजस्व ग्रामों में सुचारू रूप से जलापूर्ति करने हेतु उक्त योजनाओं का संचालन एवं रखरखाव का कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ द्वारा चयनित फर्म मै0 दारा इंजीनियरिंग एवं इन्फ्रास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जोधपुर द्वारा कराया जा रहा है। इनके कार्य प्रारम्भ का दिनांक 01.05.2025 निर्गत है। फर्म द्वारा 86 नग योजनाओं के 10 वर्ष के संचालन एवं रखरखाव हेतु डी0पी0आर0 विरचन की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है, जो जल निगम मुख्यालय को स्वीकृति हेतु भेजा गया है।

निर्देशित किया गया कि जनपद में पूर्व से संचालित योजनाओं के अनुरक्षण कार्य समय से कराते हुये नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाये।

Scanned with OKEN Scanner

**पैकेज–01 :–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–1 के अन्तर्गतजल शोधन सयंत्र(WTP) 456 MLD जनपद एटा के विकास खण्ड निधौली कलां, ग्राम भड़ेरा में निर्माणाधीन है, प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGETas per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OFF-TAKE CHAMBER & CONNECTING CHANNEL | 100% | 90% | 10% |
| 2 | VALVE CHAMBER AT RWR | 100% | 90% | 10% |
| 3 | RAW WATER RESERVOIR CUM PH | 100% | 43% | 57% |
| 4 | CASCADE AERATOR & INLET WORKS | 100% | 32% | 68% |
| 5 | CLARI-FLOCCULATOR | 100% | 75% | 25% |
| 6 | FILTER BEDS WITH BACK WASH TANK ON TOP | 100% | 27% | 73% |
| 7 | CLEAR WATER RESERVOIR | 100% | 60% | 40% |
| 8 | CHEMICAL HOUSE | 100% | 35% | 65% |
| 9 | MIBPS-01 CWR & PH 12700 KL | 100% | 72% | 28% |
| 10 | MIBPS-02 CWR & PH 2900 KL | 100% | 77% | 23% |
| 11 | CLEAR WATER RISING MAIN PIPELINE LAYING & JOINTING (104 km/157 km) | 100% | 66% | 34% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **61%** | **39%** |

वर्तमान में शत् प्रतिशत के सापेक्ष फर्म की प्रगति मात्र 61 प्रतिशत है, जोकि अपेक्षा से अत्यधिक कम है। कार्य प्रगति में अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा एन0सी0सी0 द्वारा लगाये गये मैन पावर के विवरण पत्र का अवलोकन किया गया। एन0सी0सी0 द्वारा 700 श्रमिकों के सापेक्ष मात्र 278 श्रमिक लगाये जाने की सूचना दी गयी। निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाया जाये तथा कार्यों को पूरा करने हेतु माहवार कार्ययोजना प्रस्तुत की जाय।

**पैकेज–02 :–**

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि पैकेज–2 के अन्तर्गत प्रस्तावित घटकों की प्रगति का विवरण निम्नवत् है :–

| S. No. | STRUCTURE | TARGET as per Bar Chart | Actual Progress | Balance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | IBPS - 7 (1050KL) - CWR & PH | 100% | 69% | 31% |
| 2 | IBPS - 159 (700KL) - CWR & PH | 100% | 70% | 30% |
| 3 | IBPS - 160 (600KL) - CWR & PH | 100% | 67% | 33% |
| 4 | IBPS - 162 (600KL) - CWR & PH | 100% | 80% | 20% |
| 5 | IBPS - 166 (650KL) - CWR & PH | 100% | 53% | 47% |
| 6 | IBPS - 167 (950KL) - CWR & PH | 100% | 57% | 43% |
| 7 | IBPS - 168 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 65% | 35% |
| 8 | IBPS - 170 (1250KL) - CWR & PH | 100% | 59% | 41% |
| 9 | Boundary wall for OHT & IBPS | 100% | 38% | 62% |
| 10 | Staff Quarters at IBPS | 100% | 70% | 30% |
| 11 | Clear Water Rising Main (396 Km./1329.76 Km.) | 100% | 29% | 71% |
| 12 | Over Head Tank (237 Nos. WIP/249 Nos.) | 100% | 37% | 63% |
| 13 | Distribution Network (3333 Km./5424.70 Km.) | 100% | 61% | 39% |
| | **OVERALL PROGRESS** | **100%** | **59%** | **41%** |

उपरोक्त तालिकानुसार वर्तमान में शत्प्रतिशत के सापेक्ष फर्म की प्रगति मात्र 59 प्रतिशत है, जोकि अपेक्षित नहीं है। कार्य प्रगति में अपेक्षित प्रगति न होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी एवं निर्देशित किया गया कि अतिरिक्त मैन पावर बढ़ाकर कार्यों की प्रगति में अपेक्षित सुधार लाये तथा कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाये।

Scanned with OKEN Scanner

**टी0पी0आई0** :– निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित फर्म से नियमानुसार NCRs का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन (हर घर जल) कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ के पत्रांक संख्या 1726/011–JJM/25, दिनांक 15.10.2025 एवं पत्रांक संख्या 1977/011–JJM/25, दिनांक 29.11.2025 के माध्यम से जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद के छूटे हुए मजरे/राजस्व ग्रामों की डी०पी०आर० संबंधी सूचना निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.12.2025 तक प्रेषित किए जाने हेतु अपेक्षित की गई थी। उक्त के क्रम में जनपद के भूलेख कार्यालय से प्राप्त राजस्व ग्रामों की सूची से सम्यक रूप से मिलान कर लिया गया है, जिसमें जनपद के समस्त ग्राम सम्मिलित है। दिनांक 22.12.2025 को आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनपद अन्तर्गत समस्त विकास खण्डों एवं समस्त तहसीलों से सत्यापित कराये गये राजस्व ग्रामों की सूची बैठक में प्रस्तुत की गयी।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि समस्त विकास खण्डों एवं समस्त तहसीलों द्वारा सत्यापित ग्रामों के अनुसार सूचना जल निगम मुख्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध करायें।

**धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

(रमेश रंजन)
जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, फिरोजाबाद।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, फिरोजाबाद।
4. अपर जिलाधिकारी(नमामि गंगे), फिरोजाबाद।
5. जिला विकास अधिकारी, फिरोजाबाद।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, फिरोजाबाद।
7. अधिशासी अभियन्ता, सिचांई, फिरोजाबाद।
8. जिला कृषि अधिकारी, फिरोजाबाद।
9. जिला सूचना एवं जल संपर्क अधिकारी, फिरोजाबाद।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फिरोजाबाद।
11. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर इण्डिया), फिरोजाबाद।
12. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, फिरोजाबाद।
13. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–01 मै0 एन.सी.सी. लिमिटेड, फिरोजाबाद।
14. परियोजना प्रबन्धक, पैकेज–02 मै0 लॉर्सन एण्ड टूब्रो लिमिटेड, फिरोजाबाद।
15. डी0जी0एम0, मै0 दारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रेक्चर प्रा0लि0, जौधपुर।

जिलाधिकारी
फिरोजाबाद।

Scanned with OKEN Scanner